गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2022 05.01.2022

लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 **चिह्न : - गेल (ईक्यू)**	लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 **स्क्रिप कोड : - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया **"गेल ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी में 26% हिस्सेदारी हासिल करने"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रतिलिपि संलग्न है।

धन्यवाद,

भवदीय,

कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी में 26% हिस्सेदारी हासिल की

नई दिल्ली, 05 जनवरी, 2022: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी (ओटीपीसी) में 26% इक्विटी की हिस्सेदारी हासिल की है, जो पलताना, त्रिपुरा में 726.6 मेगावाट के गैस आधारित संयुक्त साइकल पॉवर प्लांट का स्वामित्व एवं प्रचालन करता है।

यह हिस्सेदारी आईएलएंडएफएस ग्रुप कंपनियों अर्थात् आईएलएन्डएफएस एनर्जी डिवेलपमेंट कंपनी लिमिटेड तथा आईएलएंडएफएस फाइनेन्श्यल सर्विसेस लिमिटेड से अधिग्रहण किया है। गेल और आईएलएंडएफएस ग्रुप द्वारा ओटीपीसी के शेयरधारक समझौते हेतु अनुपालन विलेख (डीओए) पर कल हस्ताक्षर किए गए। श्री शांतनु रॉय, कार्यकारी निदेशक (बीडी, एसडी एवं सीए), गेल तथा आईएफआईएन की ओर से श्री फेबी कोशी, आईईडीसीएल के सीईओ तथा श्री शांतनु सेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आईएलएंडएफएस ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल श्री मनोज जैन व कार्यकारी निदेशक, आईएलएंडएफएस श्री नंद किशोर की उपस्थिति में डीओए पर हस्ताक्षर किए। ओटीपीसी के अन्य शेयरधारकों ने भी डीओए पर अपनी लिखित सहमति दी है।

गेल ने आईएलएंडएफएस की खुली बोली प्रक्रिया में भाग लिया था और सफल बोलीदाता के रूप में उभरा था। एकीकृत प्राकृतिक गैस कंपनी होने के नाते, अधिग्रहण सहक्रियात्मक होगा और गेल को देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में सक्षम बनाएगा।

गेल प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में विविध हितों के साथ भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है, जिसमें व्यापार, संचरण, एलपीजी उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, एलएनजी पुन: गैसीकरण, पेट्रोकेमिकल्स, सिटी गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, ईएंडपी आदि शामिल हैं। यूएसए, रूस, सिंगापुर, म्यांमार, चीन और इजिप्ट में भी गेल की वैश्विक उपस्थिति और व्यावसायिक हित हैं।

ओटीपीसी पलताना, त्रिपुरा में 726.6 मेगावाट (363.3 x 2) के गैस आधारित संयुक्त साइकल पॉवर प्लांट का स्वामित्व एवं प्रचालन करता है। आईएलएंडएफएस ग्रुप से गेल द्वारा हासिल 26% इक्विटी के अतिरिक्त, शेष इक्विटी ओएनजीसी (50%), त्रिपुरा सरकार (0.50%) और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फंड जीआईपी II (23.50%) के पास है।

ओटीपीसी का नॉर्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एनईटीसी), ओटीपीसी, पावरग्रिड और पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का एक संयुक्त उद्यम, में भी 26% इक्विटी निवेश है, जिसे ओटीपीसी के 726.6 मेगावाट गैस आधारित पॉवर प्लांट से बिजली निष्कासन हेतु ट्रांसमिशन लाइन विकसित करने के उद्देश्य से बनाया गया है।